भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3129

दिनांक 13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्ताव

†3129. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार को बिहार सहित देश में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि सरकार ने बिहार के गोपालगंज जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मंजूरी दे दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सच है कि सरकार को बिहार के गोपालगंज जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए संसद सदस्यों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और
(ङ)) क्या यह सच है कि राज्य सरकार के प्रस्ताव के बिना राज्य में मेडिकल कॉलेज की स्थापना नहीं की जा सकती है और यदि हां, तो इसकी स्थापना के लिए निर्धारित मानदंडों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि साझाकरण पद्धति पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, बिहार के 08 मेडिकल कॉलेजों सहित सभी परिकल्पित सरकारी मेडिकल कॉलेजों को तीन चरणों में मंजूरी दी गई है। देश में स्वीकृत मेडिकल कॉलेजों का चरणवार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

******

दिनांक 13.12.2024 को उत्तर हेतु नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3129 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

अनुलग्नक

'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए केंद्र प्रायोजित योजना के तहत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्यवार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिले
		चरण-I (58)	
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	1	पोर्ट ब्लेयर
2	अरुणाचल प्रदेश	1	नाहरलगुन
3	असम	4	धुबरी, नागांव , उत्तरी लखीमपुर , दीफू
4	बिहार	3	पूर्णिया, सारण (छपरा), समस्तीपुर
5	छत्तीसगढ़	2	राजनांदगांव, सरगुजा
6	हिमाचल प्रदेश	3	चम्बा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर)
7	हरियाणा	1	भिवानी
8	झारखंड	3	दुमका, हज़ारीबाग़, पलामू (डाल्टनगंज)
9	जम्मू और कश्मीर	5	अनंतनाग, बारामूला, राजौरी , डोडा , कठुआ
10	मध्य प्रदेश	7	दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी
11	महाराष्ट्र	1	गोंदिया
12	मेघालय	1	पश्चिमी गारो हिल्स (तुरा)
13	मिजोरम	1	फ़ॉकवन
14	नागालैंड	1	नागा अस्पताल (कोहिमा)
15	ओडिशा	5	बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगी , कोरापुट, पुरी
16	पंजाब	1	एसएएस नगर
17	राजस्थान	7	बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू , डूंगरपुर, पाली , सीकर
18	उत्तर प्रदेश	5	बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहाँपुर, बहराईच
19	उत्तराखंड	1	अल्मोड़ा
20	पश्चिम बंगाल	5	बीरभूम (रामपुर हाट), कूच बिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर)
		चरण-II (24)	
1	बिहार	5	सीतामढी , झंझारपुर, सिवान, बक्सर, जमुई
2	झारखंड	2	कोडरमा, चाईबासा (सिंहभूम)
3	मध्य प्रदेश	1	सतना
4	ओडिशा	1	जाजपुर
5	राजस्थान	1	धौलपुर
6	उत्तर प्रदेश	8	एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डोमरियागंज), देवरिया , गाजीपुर, मिर्जापुर
7	पश्चिम बंगाल	5	बारासात, उलूबेरिया, आरामबाग, झारग्राम, तमलुक
8	सिक्किम	1	गंगटोक

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	कॉलेजों की संख्या	जिले
चरण-III (75)			
1	आंध्र प्रदेश	3	पिडुगुरल्ला, पाडेरु, मछलीपट्टनम
2	असम	1	कोकराझार
3	छत्तीसगढ़	3	कोरबा, महासमुंद, कांकेर
4	गुजरात	5	नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी
5	जम्मू और कश्मीर	2	उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला कुपवाड़ा)
6	कर्नाटक	4	चिक्कमगलुरु, हावेरी, यादगिरि, चिक्कबल्लापुरा
7	लद्दाख	1	लेह
8	मध्य प्रदेश	6	राजगढ़, मंडला, नीमच , मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली
9	महाराष्ट्र	1	नंदुरबार
10	मणिपुर	1	छुरछंदपुर
11	नागालैंड	1	मोन
12	ओडिशा	1	कालाहांडी
13	पंजाब	2	कपूरथला , होशियारपुर
14	राजस्थान	15	अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्री गंगानगर, सिरोही , बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा
15	उत्तराखंड	3	रुद्रपुर (जिला उधम सिंह नगर), पिथौरागढ , हरिद्वार
16	उत्तर प्रदेश	14	बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर , लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी
17	तमिलनाडु	11	तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नमक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरि, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची
18	पश्चिम बंगाल	1	जलपाईगुड़ी

*****